षोडश

बिहार विधान सभा

नवम सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-2

मंगलवार, तिथि 15 फाल्गुन, 1939 (श0) / 06 मार्च, 2018 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या 05

(1) शिक्षा विभाग	..	..	04
(2) पर्यावरण एवं वन विभाग	..	..	01
		कुल योग —	05

प्रतिनियुक्त करना

7. श्री संजय सरावगी--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 18 जनवरी, 2018 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''एक शिक्षक के बलबूते प्रदेश में डेढ़ हजार स्कूल'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार में पिछले 5 वर्षों से 1,500 प्राथमिक विद्यालय मात्र एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं जिसके कारण इन विद्यालयों में पठन-पाठन नहीं हो रहा है और हजारों नौनिहाल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित हैं, यदि हाँ, तो एक शिक्षकीय पन्द्रह सौ प्राथमिक विद्यालयों में अन्य शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति अबतक नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

लक्ष्य प्राप्त करना

8. श्री ललित कुमार यादव--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 24 जनवरी, 2018 को प्रकाशित शीर्षक ''खगड़िया नम्बर 1 मगर उपलब्धि सिर्फ 4.5 प्रतिशत, जमुई, भोजपुर और मधेपुरा तो 1 प्रतिशत से भी कम'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के 38 जिलों में स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की उपलब्धि 1 साल में लक्ष्य का 2 प्रतिशत से भी कम है, लक्ष्य प्राप्ति में खगड़िया जिला नम्बर वन है जिसकी उपलब्धि सिर्फ 4.3 प्रतिशत है जबकि जमुई, भोजपुर और मधेपुरा का लक्ष्य प्राप्ति 1 प्रतिशत से भी कम है, यदि हाँ, तो उक्त योजना के लिये निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने हेतु सरकार कौन-सी कदम उठाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पढ़ाई सुनिश्चित करने हेतु कदम उठाना

9. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार 2020 तक ग्रॉस एनरॉलमेंट को 30 प्रतिशत करने हेतु कृतसंकल्प है जो अभी मात्र 17 प्रतिशत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2017 में इन्टरमीडिएट की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले 12.40 लाख विद्यार्थियों में से 4.37 लाख ही उत्तीर्ण हुये तथा 8.02 लाख विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हो गये ;

(3) क्या यह बात सही है कि अनुत्तीर्ण 8.02 लाख विद्यार्थियों में से 2.02 लाख विद्यार्थियों ने ही दुबारा परीक्षा हेतु फॉर्म भरा तथा 6 लाख विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा हेतु फॉर्म नहीं भरा गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो ग्रॉस एनरॉलमेंट राशियों के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने तथा वर्ष 2017 में इन्टरमीडिएट अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों की पढ़ाई सुनिश्चित करने हेतु सरकार कौन-सी कदम उठाने का विचार रखती है ?

कार्रवाई करना

10. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गांगेय डॉल्फिन जिसकी संख्या 1,200 है, को 5 अक्टूबर, 2009 को राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गांगेय डॉल्फिन रिसर्च सेंटर स्थापित करने के लिये केन्द्र सरकार द्वारा 2014 में 29 करोड़ रुपये की राशि दी गयी परन्तु अभीतक रिसर्च सेन्टर का निर्माण नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार डॉल्फिन रिसर्च सेन्टर के निर्माण हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है ?

विद्यालय खोलना एवं विद्युतीकरण करना

11. श्री जीवेश कुमार--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र दिनांक 27 नवम्बर, 2017 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''2,860 पंचायतों में नहीं है हाई स्कूल'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के कुल 8,391 पंचायतों में से अभी भी 2,860 पंचायतों में हाई स्कूल नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 2016-17 में केवल दो हाई स्कूल एवं 2017-18 में एक हाई स्कूल का सरकार द्वारा स्थापना हुआ है ;

(3) क्या यह बात सही है कि बिहार के 64 प्रतिशत स्कूलों में बिजली नहीं है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष 2,860 पंचायतों में हाई स्कूल खोलने एवं बिजली से वंचित विद्यालयों में विद्युतीकरण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 6 मार्च, 2018 (ई0) ।

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 105-डी0टी0पी0-550